दिल्ली में राष्ट्रीय कपड़ा निगम की होल्डिंग कम्पनी

2714. **श्री राम जेठमलानी :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 19 जलाई, 1993 के फाइनेन्सियल एक्सप्रेस में एन. टी. सी. मोनिटरिंग पैनल में क्लाज डॉउन दी होल्डिंग कम्पनी" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कपड़ा निगम की होल्डिंग कम्पनी में कार्यरत अधिकांश कर्मचारी अधिकारी स्तर के हैं ;

(ग) यदि हां, तो मार्च, 1993 में उस कम्पनी में अधिकारियों, क्लर्कों, चपरासियों की संख्या कितनी-कितनी थी ;

(घ) इस कम्पनी का मुख्य उत्तरदायित्व क्या है और वेतन, भत्ते, यात्रा व्यय, रख रखाव, किराया आदि जैसे विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत वार्षिक रूप से कुल कितनी धन राशि व्यय की जाती है ; और

(ङ) इस होल्डिंग कम्पनी का मुख्य कार्यालय दिल्ली में ही स्थापित करने के क्या कारण थे ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) जी नहीं। 31-3-1993 तक की स्थिति अनुसार एन० टी० सी० की धारक कम्पनी में 109 प्रबन्धकीय (अधिकारी) तथा 336 गैर प्रबन्धकीय कर्मचारी कार्यरत थे।

(घ) धारक कम्पनी कार्य निष्पादन की मानीटरिंग तथा समीक्षा करने, बिक्री तथा खरीदारियों का समन्वय कार्य करने तथा बजट सहायता तथा सामान्य मार्ग-निर्देशन आदि के लिए प्रशासनिक मंत्रालय के साथ जनसम्पर्क स्थापित करने के लिए उत्तरदायी है। वर्ष 1991-92 तथा 1992-93 के दौरान वेतन, भत्ते, यात्रा व्यय, अनुरक्षण किराया आदि जैसे विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत वर्ष में खर्च की गई कुल राशि के ब्यौरे संलग्न विवरण-पत्र में (**नीचे देखिए**) दिए गए हैं।

(ङ) धारक कम्पनी का मुख्य कार्यालय दिल्ली में स्थित हैं ताकि प्रशासनिक मंत्रालय तथा सरकार की अन्य शाखाओं के साथ अन्योन्यक्रिया को सुलभ बनाया जा सके।

विवरण

विवरण	1991-92+	1992-93+
वेतन तथा बोनस		
वेतन/पट्टे के भवन का किराया . .	1,51,94,431.65	1,75,28,671.00
समयोपरि भत्ता . . .	1,80,553.50	1,79,703.25
मानदेय	4,870.00	10,860.00
छुट्टियों के बदले नगद भुगतान . .	9,84,688.85	3,69,226.40
बोनस	*1,47,160.54*	*88,318.00*
अनुग्रह-पूर्वक भुगतान . . .	21,851.95	—
विदेशी सेवा का अंशदान . .	472.10	—
	1,65,34,028.59	1,81,76,778.65

विवरण	1991-92+	1992-93+
भविष्य निधि तथा अन्य निधियों में अंशदान :		
नियोक्ता का भविष्य निधि में अंशदान	12,27,673.57	14,49,886.54
निरीक्षण शुल्क	20,265.00	21,583.00
	12,47,938.57	14,71,469.54
कर्मचारी कल्याण संबंधी व्यय :		
शिक्षण शुल्क	63.00	45,467.70
कर्मचारी चिकित्सा व्यय/निदेशक चिकित्सा व्यय	13,12,807.40	15,14,658.60
कर्मचारी कल्याण व्यय	1,53,092.05	2,08,043.40
छुट्टी यात्रा रिआयत	2,70,915.65	4,12,882.20
परिवहन आर्थिक सहायता	77,954.95	3,20,156.70
कर्मचारियों की वर्दिया	76,915.80	1,24,865.50
समूह बीमा योजना	1,10,906.40	51,732.00
परोपकार निधि	10,248.00	7,526.00
	20,12,903.25	26,85,332.10
यात्रा तथा वाहन	18,28,815.15	10,79,020.34
कार्यालय भवन का अनुरक्षण	26,66,556.05	34,22,256.43
कार्यालय भवन का किराया	4,23,345.60	2,26,393.60

+ये आकड़ अनान्तम हैं तथा लेखा परीक्षा के अध्यधीन है।

करघों को दिये गये ऋण की धनराशि में वृद्धि करने के लिए अनुरोध

2715. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में हथ-करघा उद्योग के तहत स्थापित विभिन्न करघों को पुनर्जीवित करने के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक की शाखाओं से एक पूर्व निर्धारित राशि देने की व्यवस्था की गई है ;

(ख) यदि हां, तो वर्तमान में संस्थान द्वारा उनके पुनर्जीवन के लिए प्रति करघा अधिकतम कितनी धनराशि दी जा सकती है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस धनराशि के लिए अधिकतम सीमा, 1983 में निर्धारित की गई थी ;

(घ) क्या यह भी सच है कि 1983 से 1993 की अवधि के दौरान आम मूल्यों में भारी वृद्धि हुई है ;